पत्र संख्या-स्था-6-सामान्य- कार्यरत जनशक्ति (19-20भाग-2)/2020-21/

विशेष प्राथमिकता/अति महत्वपूर्ण

1003 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

(स्थापना-अराजपत्रित अनुभाग)

लखनऊ :: दिनांक :: 22 जुलाई, 2020

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,

वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

कृपया इस कार्यालय के पत्र सं0-628 दिनांक-15-05-2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आपके जोन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यालयों में अराजपत्रित श्रेणी के कार्यरत कार्मिकों की पदवार त्रैमासिक सूचना त्रैमास की समाप्ति के उपरान्त अनुवर्ती माह की 10 तारीख तक संलग्न निर्धारित प्रारुप में नियमित रुप से मुख्यालय को उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है। इस सम्बन्ध में वर्ष 2019-20 के चतुर्थ त्रैमास की दिनांक 01-04-2020 व वर्ष 2020-21 के प्रथम त्रैमास की दिनांक 01-07-2020 की स्थिति के आधार पर आपके जोन की वांछित / संकलित सूचना अभी तक अप्राप्त है।

अत: आपसे अपेक्षा की जाती है कि आपके जोन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यालयों में अराजपत्रित श्रेणी के कार्यरत कार्मिकों की पदवार उपर्युक्त त्रैमासिक सूचना त्रैमास की समाप्ति के उपरान्त अनुवर्ती माह की 10 तारीख तक प्रत्येक दशा में संलग्न निर्धारित प्रारुप में नियमित रुप से मुख्यालय को उपलब्ध करायें। साथ ही **दिनांक 01-04-2020 व दिनांक 01.07.2020 की स्थिति के आधार पर उक्त वांछित त्रैमासिक संकलित सूचना** प्रत्येक दशा में लौटती डाक से मुख्यालय को उपलब्ध कराये जाने का कष्ट करें।

उपरोक्तानुसार पदवार कार्यरत कार्मिकों की संख्या निर्धारित प्रारुप में अंकित किये जाने से पूर्व अभिलेखों से सत्यापन अवश्य करा लिया जाये कि संबंधित पद पर वास्तविक रुप से कार्यरत कार्मिकों की संख्या / श्रेणी में कोई त्रुटि नहीं है। इसके अतिरिक्त जोनवार संकलित सूचना ही आपके स्तर से मुख्यालय को उपलब्ध कराई जाये किसी भी दशा में जनपद अथवा सम्भाग की एकल सूचना मुख्यालय को सीधे प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित न किया जाये।

कृपया उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए वांछित सूचना **लौटती डाक, फैक्स (0522-2306072) व ई-मेल (cta3comhqlu-up@nic.in)** के माध्यम से तत्काल मुख्यालय को उपलब्ध कराये जाने का कष्ट करें।

संलग्नक:-यथोपरि।

(सूर्यमणि लालचंद)

एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्रसंख्या व दिनांक : उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं तदनुसार अनुपालन कराये जाने हेतु प्रेषित:-

1- अपर निदेशक (प्रशिक्षण संस्थान) वाणिज्य कर, गोमतीनगर, लखनऊ।
2- ज्वाइण्ट कमिश्नर (संग्रह) वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।
3- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय को एक प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने एवं अनुपालनार्थ।
4- पटल प्रभारी- स्था-5क, 5ग, 3क, व 3ख, अराजपत्रित अनुभाग, वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।
5-

एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन)वाणिज्य कर,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

...कर्मचारियों की जनशक्ति की त्रैमासिक विवरण

जनपद का नाम:------------------------------------

दिनांक ....की स्थिति के आधार पर

क्र0 सं0	संवर्ग का नाम	पदनाम	कार्यरत कर्मचारियों की संख्या: अनारक्षित (सामान्य)	अनु0 जाति	अनु0 जन जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	कुल कार्यरत (4+5+6+7)	स्तम्भ-8 में अंकित कुल कार्मिकों में से हारिजन्टल आरक्षण के भरे पद: भूत पूर्व सैनिक	स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	महिला	दिव्यांग कार्मिकों की श्रेणी: चलन क्रिया	श्रवण ह्रास	दृष्टि बाधित / कम दृष्टि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	लिपिक संवर्ग	विशेष कार्याधिकारी											
		प्रशा0अधिकारी											
		प्रधान सहायक											
		वरिष्ठ सहायक											
		कनिष्ठ सहायक											
		उर्दू अनुवादक											
2	आशुलिपिक संवर्ग	वै0स0ग्रेड-1											
		वै0स0ग्रेड-2											
		आशुलिपिक											
3	संख्या संवर्ग	सहायक सांख्यकीय अधिकारी											
4	लेखा परीक्षक संवर्ग	वरिष्ठ लेखा परीक्षक											
		लेखा परीक्षक											
5	लेखा संवर्ग	लेखाकार											
		सहायक लेखाकार											
6	कम्प्यूटर संवर्ग	कं0आ0ग्रेड-बी											
		कं0आ0 ग्रेड-ए											
7	संग्रहअमीन संवर्ग	संग्रह अमीन											
8	चालक संवर्ग	वाहन चालक विशेष ग्रेड											
		वाहन चालक ग्रेड-1											
		वाहन चालक ग्रेड-2											
		वाहन चालक ग्रेड-3											
		वाहन चालक ग्रेड-4											
9	चतुर्थ श्रेणी	सेवक											
		संग्रह सेवक											
		सफाई कर्मचारी											
		दफ्तरी											
		माली											
		हास्टल कुक											
		कुर्सी बुनकर											